जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

(द्वितीय स्मरण पत्र)

क्रमांकः एफ/प्रशा/प्रवेश/2024/8695 दिनांक 14-08-2024

प्रति,

विभागाध्यक्ष/अधिकारी/समन्वयक/निदेशक/प्रभारी/वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
एवं प्राचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय से संबंद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषयः—वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2023—24 हेतु जानकारी भेजने बावत्।
संदर्भः—पत्र कमांक एफ/प्रशा/प्रवेश/2024/8416, दिनांक 21.06.2024 एवं पत्र कमांक एफ/प्रशा/प्रवेश/2024/8548, (प्रथम स्मरण पत्र) दिनांक 29.07.2024 के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2023—24 का (01 जुलाई 2023 से 30 जून 2024 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना है जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है :—

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये एवं प्राध्यापकों की विषयावार संख्या भी दी जायें।)
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध सुविधायें उपलब्ध है और शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्रों की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावे।)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हों तो उनके विवरण अलग से टाईप कराकर भेजे जा सकते है।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागों की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते है। शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यदि शासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय—सीमा में प्रतिवेदन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय में नही भेजते है तो संबंधित विश्वविद्यालय अध्ययनशाला महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि रोकी जाने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु शासन को लिखा जावेगा तथा अशासकीय महाविद्यालय यदि समय सीमा में जानकारी नही भेजते है तो ऐसे महाविद्यालयों की संबंद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी तथा महाविद्यालय की मान्यता समाप्त करने हेतु शासन को भी लिखा जावेगा।
अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 05-09-2024 तक वार्षिक प्रतिवेदन की तीन—तीन प्रतियों में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (**M.S. OFFICE WORD**) में स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पते पर भेजने का कष्ट करें। उक्त जानकारी जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के डाटासेंटर के ई—मेलआईडी—**juadmsection@gmail.com** पर भी आवश्यक रूप से भेजे।
"भेजी गई जानकारी तथ्यात्मक एवं सत्य है"इस आशय का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

कुलसचिव

संलग्न :—प्रोफार्मानुसार।
प्रतिलिपि :—सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उपसचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
4. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजीसहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. वेबसाइट प्रभारी, इस सूचना पत्र को तत्काल जीवाजी विश्वविद्यालय की बेवसाइड पर अपलोड करे।

उप/सहा—कुलसचिव (प्रशा0)